# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject **:** दूर्वा

Chapter **:** 9

Chapter Name **:** एक खिलाड़ी की कुछ यादें

Q1 (क) लेखक बैडमिंटन चैंपियन था। उसे हॉकी खेलने की प्रेरणा किससे और कैसे मिली?

(ख) इंग्लैंड से मैच जीतने के बाद सबकी आँखों में आँसू क्यों थे?

(ग) 'खिलाड़ियों में ज़ज़्बा ज़रूरी हैं।' लेखक ने किस जज़्बे की बात की हैं? यह ज़ज़्बा क्यों ज़रूरी हैं?

Answer. (क) लेखक बैडमिंटन के चैंपियन थे लेकिन एक दिन उन्होंने अपने विद्यालय प्रांगण में ध्यान-चंद को हॉकी खेलते देखा

(ख) उस समय भारत को इंग्लैंड के शासन से आज़ाद हुए कुछ ही दिन हुए थे, इंग्लैंड पर जीत सिर्फ खेल में ही जीत नहीं थी बल्कि पूर्व गुलाम की अपने क्रूर शासक के ऊपर जीत थी। जिन्होंने भारत पर कई वर्षों तक शासन किया इसलिये उसे उसी के घर में जाकर हराना मानसिक तौर पर गर्व का काम था। यही कारण था कि सबकी आँखों में आँसू थे।

(ग) खिलाड़ियों में खेलने की भावना प्रबल होनी चाहिए। एक खिलाड़ी में प्रबल इच्छाशक्ति का होना अति-आवश्यक हैं। क्योंकि बिना प्रबल इच्छा के वह खेल नहीं खेल पाएगा और खेल का स्तर गिर जाएगा।

Page : 62 , Block Name : पाठ से

Q2 “60 साल की बात करने से पहले मैं कुछ साल और पीछे जाना चाहता हूं। लाहौर को याद करना चाहता हूं।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि-

(क) लेखक 60 साल की बात करने के लिए क्या करना चाहता है।

(ख) तुम्हें अगर अपने तीन साल के हिंदी सीखने की बात को कहने को कहा जाए तो उसके लिए क्या-क्या करोगे?

(ग) क्या पिछली किसी बात को याद करने के लिए बार-बार रटना जरूरी होता है सोच समझ के उस पर चर्चा, विचार और उसका आवश्यकता अनुसार व्यवहार करना जरूरी होता है? जो भी उचित लगे उसे कारण सहित बताओ।

Answer. (क) साठ साल की बात करने से पहले लेखक लाहौर जाना चाहता है वहाँ की बात करना चाहता है,बताना चाहता है।

(ख) मुझे अगर तीन साल के हिंदी सीखने के बारे में पूछा जाएगा तो मैं हिंदी की पढ़ी किताबें, उससे जुड़ी यादों को सबके साथ साझा करूँगा। अपनी पसंदीदा विधा को पढूँगा ,अपनी बेहद पसंदीदा नज़्मों, कहानियों या पात्रों के डायलॉग दोहराऊंगा।

aglasem.com

(ग) कुछ गहरी चीज़े होती है जिसकी यादें आदमी के दिमाग मे बस जाती है। उसे याद रखने के लिए बार बार दोहराना नही पड़ता। हाँ, ये है कि उस पर चर्चा, विचार आवश्यकता अनुसार व्यवहार भी जरूरी होता है।

Page : 63 , Block Name : याद करना

Q3 (क) पता करो कि कोई सामान , विचार और ध्यान क्यों बिखरता है?

(ख) उनके बिखरने से क्या-क्या होता है?

(ग) लेखक का दिमाग खेल से ज्यादा भारत-पाकिस्तान के अलगाव और ट्रेजडी के होने के कारण कैसे मुश्किलों में उलझा होगा।

Answer. (क) कोई सामान या विचार तब भी करता है जब ढंग से सही जगह पर नहीं रखा जाता हो। बेतरतीब तरीके से रखे जाने पर ही अव्यवस्था फैलती है जिसके कारण बिखराव विचलन या भ्रम पैदा होता है।

(ख) उनके बिखरने से समय पर जब हमें उनकी जरूरत होती है तब सामान नहीं मिलता है और हम परेशान हो जाते हैं।

(ग) लेखक का दिमाग खेल से ज्यादा भाग भारत-पाकिस्तान के अलगाव और ट्रेजडी के होने के कारण अन्य चीजों में उलझा रहा होगा। जैसे अपने परिवार की सुरक्षा की चिंता, देश में दंगे और क्रूरताओं के प्रति चिंता आदि।

Page : 63 , Block Name : बिखरा हुआ

Q4 फ़िल्मों में दृश्यों के साथ गीत गाए जाते हैं। फिल्म के अतिरिक्त ऐसे बहुत से अवसर होते हैं जहाँ उसी के अनुकूल गीत भी गाए-बजाए जाते हैं। इस पाठ में भी 'पहली बार विश्व स्तर पर कहीं जन-गण-मन बजा' का उल्लेख हुआ है। तुम फ़िल्मों के कुछ मशहूर गीतों के बोलों की सूची बनाओ जो फ़िल्मों में दृश्यों के साथ तो गाए ही गए हों, जिन्हें विशेष अवसरों पर भी गाया बजाया जाता हो।

Answer.

- मेरा रंगदे बसंती चोला
- मेरे देश की धरती सोना उगले
- ये देश है वीर जवानों का
- ऐ मेरे वतन के लोगों
- रघुपति राघव राजा राम

Page : 63 , Block Name : फ़िल्म और गीत

Q5 नीचे कुछ खेलों के नाम दिए गए हैं। इन्हें खेलने के लिए किन-किन चीजों की जरूरत होती है , उसकी सूची बनाओ।

1.हॉकी

2.क्रिकेट



aglasem.com

3.लॉन टेनिस

4.तैराकी

5.तीरंदाजी

6.कबड्डी

Answer. 1.हॉकी- हॉकी स्टिक, माउथ गार्ड, एल्बो पैड्स, शिन गार्ड, हेल्मेट।

2. क्रिकेट- बॉल, बैट, विकेट, अंपायर, टी-शर्ट, पैंट

3.लॉन टेनिस- रैकेट, टेनिस बॉल

4.तैराकी- आइ गार्ड, वाटर, स्विमिंग पूल

5.तीरंदाजी- बो एंड एरो

6.कबड्डी- हाफ पैंट, टी-शर्ट, गार्ड,

Page : 63 , Block Name : खेल -कूद

Q6 (क) क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी के मैदानों में क्या अंतर होता है?

(ख) क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी कितने कितने खिलाड़ी होते हैं?

(ग) हॉकी से जुड़े शब्दों की सूची बनाओ।

Answer. (क) क्रिकेट का मैदान बाकी दोनों के मैदानों से काफी बड़ा होता है। इससे छोटा फुटबॉल का मैदान होता है और सबसे छोटा हॉकी का। तीनों की पिच अलग अलग हित है जिस पर खेला जाता है। क्रिकेट का मैदान वृताकार होता है जबकि फुटबॉल और हॉकी का मैदान आयताकार।

(ख) क्रिकेट, हॉकी और फुटबॉल में 11 खिलाड़ी खेलते हैं ।

(ग) पेनल्टी बुली, पेनल्टी कॉर्नर, कैरीड, कॉर्नर, टाई ब्रेकर, शार्ट कॉर्नर स्टिकस ऑफ, स्ट्राइकिंग सर्किल, अंडर कटिंग, ड्रिबल।

Page : 64 , Block Name : पता लगाओ

Q7 (क) तुम्हें कौन-सा खेल पसंद है? अपने किसी स्थानीय खेल के नियम, खिलाड़ियों, की संख्या और सामान के बारे में बताओ।

(ख) अपने जीवन की किसी ऐसी घटना के बारे में बताओ–

जब तुम्हारी आँखों में आँसू आए हों।

जब तुम अपना दुख-दर्द भूल गए हो।

aglasem.com

Answer - छात्र स्वयं करें।

Q8 (क) खेलों पर बनी कुछ फ़िल्मों के बारे में पता लगाओ। उनमें से कुछ फ़िल्मों के नामों और उनमें दर्शाए गए खेलों के नामों को साथ मिलाकर एक सूची बनाओ। कक्षा में उन फ़िल्मों के बारे में बातचीत भी करो।

Answer.

- लगान- क्रिकेट
- चक दे इंडिया- हॉकी
- सुल्तान - रेसलिंग

Page : 64 , Block Name : खेल और सिनेमा

Q9 जगह-जगह के खेल

कुछ खेल कुछ खास जगहों में ही खेले जा सकते हैं और कुछ खेल प्रचलन के कारण कुछ खास लोगों द्वारा ही खास स्थानों पर खेले जाते हैं। बताओ कि–

(क) कौन-से खेल अंदर खेले जाते हैं?

(ख) कौन-से खेल बाहर खेले जाते हैं?

(ग) कौन-से खेल अकेले खेले जाते हैं?

Answer. (क) टेबिल टेनिस, बैडमिंटन,कैरम, शतरंज , लूडो, आदि।

(ख) क्रिकेट, हॉकी , फुटबॉल, बास्केट बॉल, कबड्डी,लान टेनिस, आदि।

(ग) तैराकी, भार उठाना, मलखम्भ, कम्प्यूटर गेम आदि।

Page : 64 , Block Name : जगह-जगह के खेल

aglasem.com